हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

06 आस्था का उमड़ा जन सैलाब, जमकर...



07 भारतीय किसान संघ नईसंराय ने किया भारत माता का पूजन






## समाचार संक्षेप

### कॉलेज के सामने रखी अवैध गुमटी को नगर परिषद ने हटवाया

**चाचौड़ा।** स्नातक महाविद्यालय कुंभराज के सामने रखी अवैध गुमठी को नगर परिषद द्वारा हटाया गया । महाविद्यालय में अनुभागीय दंडाधिकारी चाचौड़ा के दौरान प्रभारी प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया था कि किसी व्यक्ति द्वारा महाविद्यालय के सामने अवैध रूप से घूमटी रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है,



एसडीएम द्वारा नगर पालिका अधिकारी को गुमठी हटाने हेतु निर्देशित किया गया था । नगर पालिका अधिकारी कुंभराज द्वारा शासकीय महाविद्यालय कुंभराज के सामने रखी गुमटी को तत्काल प्रभाव से हटाया गया ।घूमटी रखे होने से मेन रोड पर ब्लैक स्पॉट क्रिएट हो रहा था जिसके कारण हादसे से की आशंका बनी रहती थी एवं अवैध अतिक्रमण हटाकर कारवाही की गई हे।

### बटावदा में विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, कलशयात्रा भी निकाली

**चाचौड़ा।** चाचौड़ा खंड के बटावदा मंडल में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन के अवसर पर विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें मातृशक्ति, युवा एवं प्रौढ़ वर्ग की उल्लेखनीय सहभागिता रही। पूरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में ग्रामीणजन इस आयोजन में सम्मिलित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन एवं तुलसी पूजन विधि-विधानपूर्वक किया गया। इन पूजनों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, पर्यावरण संरक्षण तथा



नारी शक्ति के सम्मान का प्रेरक संदेश दिया गया। वक्ताओं के उद्बोधन से पूर्व प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय एवं राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया।सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा का प्रेरणादायी उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने हिंदू समाज की एकता, संगठन एवं सामाजिक समरसता पर विशेष बल देते हुए संघ के पंच परिवर्तन— सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्यों— के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। ग्रामीणजनों द्वारा मुख्य अतिथि का आत्मीय एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।वहीं गाडरवाड़ा धाम सरकार के दीपक पारीक ने भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र ही समाज को सही दिशा और मर्यादा प्रदान करता है। कार्यक्रम में प्रत्येक ग्राम से पधारे संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति मंच पर रही, जिससे आयोजन की धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा और अधिक बढ़ गई।समापन अवसर पर भारत माता की भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति भाव के साथ सहभागिता की। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों ने समरसता सहभोज में सम्मिलित होकर सामाजिक एकता का परिचय दिया। विराट हिंदू सम्मेलन ने क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक संगठन एवं राष्ट्रभावना को सशक्त करते हुए नई ऊर्जा का संचार किया।

### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन व लघु व्यापारी मानधन योजना के तहत पेंशन अभियान

**गुना ।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं लघु व्यापारी मानधन योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक विशेष पेंशन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत गुना परिक्षेत्र में कार्यरत समस्त बीड़ी श्रमिक, अन्य क्षेत्रों के असंगठित श्रमिक एवं लघु व्यवसायी अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में जाकर योजनानुसार अपना पंजीयन करा सकते हैं। योजना का लाभ लेने हेतु कामगार की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए औषधालय कांजी हाउस के पास, चौधरी मोहल्ला, गुना में संपर्क किया जा सकता है।

### वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पर परिनिंदा शास्ति अधिरोपित

**गुना।** सी.एम. हेल्पलाइन पर दर्ज मूंग उपार्जन संबंधी शिकायतों के समय पर निराकरण में लापरवाही बरतने के मामले में विकास खंड बमोरी के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राकेश कुमार माहोर के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो किसानों द्वारा सी.एम. हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई थी कि मूंग उपार्जन हेतु स्लॉट बुक नहीं हो पा रहा है, जिससे वे अपनी फसल का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं। शिकायतें एल-1 अधिकारी के रूप में संबंधित अधिकारी को प्राप्त हुई थीं, किंतु उनके द्वारा समय पर निराकरण न करते हुए बार-बार शिकायतें मार्कफेड को स्थानांतरित की गईं।शिकायतों का समय पर समाधान नहीं होने के कारण किसान अपनी मूंग फसल का विक्रय नहीं कर सके। मामले में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया, जिसका उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। जांच में पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता सामने आई। इसके फलस्वरूप माहोर के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत परिनिंदा शास्ति अधिरोपित की गई है। प्रकरण का निराकरण किया गया है।

### 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय आयोजन 25 जनवरी को

**गुना।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय आयोजन 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। साथ ही कार्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी।

---

**अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन व जहरीली शराब के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी**

## 3.6250 लाख रुपए की मदिरा व लाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन आबकारी वृत्त गुना के प्रभारी राधाकिशन अटारिया, के द्वारा ग्राम गढ़ला गिर्द में पारदियों के डेरो में दबिश दी गई। आबकारी पुलिस को देखकर पारदियों में अफरा तफ़री मच गयी। जंगल के पठार से भारी मात्रा में टंकिया गाढ़ी हुई थी। जिनमें भारी मात्रा में लाहन भरा हुआ था। लोहे एवं प्लास्टिक की बड़ी टंकियों में लगभग 3000



किलोग्राम गुड़ लाहन था, जिससे मदिरा बनाने की तैयारी चल रही थी। लाहन को लाने की असमर्थता के कारण मौके पर ही सैंपल लेकर नष्ट कर दिया। 25 लीटर, हाथ भट्टी मदिरा भी जब्त की गई। आरोपी महिला शिवानी पत्नी अक्षयपारदी, पूजा पत्नी विक्की पारदी एवं कृष्णा पिता नीतू पारदी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34( 1), 49(a) एवं 34i(f) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कुल 04 प्रकरण पंजीकृत किया गये। उक्त लाहन एवं मदिरा का अनुमानित मूल्य लगभग 306252/- लाख रुपये है। कलेक्टर श्री कन्याल के निर्देश पर इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक रामहेत कुशवाह, महिला आरक्षक टीना वर्मा,पूजा रघुवंशी,दिनेश कुमार राठौर एवं गोविंद मीना की भूमिका सराहनीय रही।

---

### श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर 108 सुंदरकांड पाठ

## राम मंदिर स्थापना दिवस पर गुना में श्रद्धा और भक्ति का महासंगम





### लक्ष्मीनगर में भजन संध्या और अग्रवाल परिवार द्वारा भव्य भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर बुधवार 22 जनवरी को जिलेभर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इसी क्रम में प्रातः श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात 108 सुंदरकांड पाठ संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ का गायन किया। यह धार्मिक आयोजन अखिल भारतीय जानकी सेना संगठन, इकाई गुना एवं श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत सियाराम महाराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ में शामिल सभी भक्तजनों को श्रीराम दरबार का चित्र भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। आयोजकों ने बताया कि अखिल भारतीय जानकी सेना संगठन बीते 11 वर्षों से सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं हिंदू समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से निरंतर धार्मिक गतिविधियाँ संचालित कर रहा है।श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा स्थापना के उपलक्ष्य में मंगलवार रात्रि शहर की लक्ष्मीनगर कॉलोनी में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलोनीवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जहाँ श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। सुंदरकांड पाठ एवं मधुर भजनों के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते-नाचते नजर आए। पूरे वातावरण में रामभक्ति की गूंज सुनाई दी और मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया।भजन संध्या में भजन गायक गोलू ओझा एवं लखन रघुवंशी ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। भजनों पर श्रद्धालुओं ने तालियों और जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के उपलक्ष्य में हरिओम फर्नीचर, अग्रवाल परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे की व्यवस्था अनुशासित एवं सुव्यवस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### जागृति मंच की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**गुना।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर जागृति मंच की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया । जागृति मंच की संस्थापक श्रीमती सुनीता अग्रवाल द्वारा आज नवीन कार्यकारिणी का घोषणा की गई । अध्यक्ष नीरज अवस्थी, सचिव इंदु सोनी, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति सुमन,सह सचिव ममता पालीवाल को मनोनीत किया गया । इस अवसर पर जागृति मंच के सदस्यों में साधना नामदेव संध्या शर्मा करुणा गौर मनाली कटारिया,ज्योति नामदेव, मनोरमा शर्मा, विद्या शर्मा,राजश्री श्रीवास्तव उपस्थित रही। पिछले 5 वर्षों से जागृति मंच सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों के लिए योगदान करती रही है और आज भी सभी सदस्यों ने धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए संकल्प लिया।




---

## मोबाइल कोर्ट के माध्यम से सीनियर सिटीजन को मिला मकान पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में जनसुनवाई के दौरान अशोक अग्रवाल, निवासी तैलघानी चौराहा, गुना द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

आवेदन में उन्होंने बताया कि तहसील गुना नगर अंतर्गत बाहुबलीपुरम कॉलोनी स्थित उनके मकान पर अनावेक विक्रांत भोसले एवं सूर्या रघुवंशी, विक्रम रघुवंशी द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है में अकेला रहता



हूँ मेरा बड़ा बेटा कोरोना में शांत हो गया है तथा मेरी पत्नी कैंसर की बीमारी से शांत हो गई है जिससे में शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित हूँ आवेदन पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा मोबाइल कोर्ट के माध्यम से प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए गए।

निर्देशों के पालन में तहसीलदार जी.एस. बैरवा एवं उनकी राजस्व टीम गुना नगर द्वारा मौके पर कार्यवाई करते हुए मकान पर अवैध कब्जा करने वाले व्यक्ति को बेदखल किया गया।कार्रवाई उपरांत आवेदक अशोक अग्रवाल (सीनियर सिटीजन), उम्र 73 वर्ष को उनके मकान का विधिवत कब्जा एवं चाबी सौंप दी गई।आवेदक द्वारा कलेक्टर गुना को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

---



## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर विद्यार्थियों से किया संवाद

विकसित भारत @2047 प्रदर्शनी का शुभारंभ, उन्नत किसानों के नवाचारों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय, गुना में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इसके पश्चात विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें स्वस्थ शरीर, स्पष्ट लक्ष्य और पूर्ण एकाग्रता को सफलता का मंत्र बताया।

इस अवसर पर भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित विकसित भारत @2047 प्रदर्शनी का शुभारंभ कलेक्टर कन्याल एवं नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता द्वारा किया गया।

कलेक्टर ने उन्नत किसानों के नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों से किसान कम क्षेत्र में अधिक आय अर्जित कर रहे हैं, जो अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## कैंट थाना क्षेत्र से लापता नाबालिग बालक को सुरक्षित बरामद कर परिवार को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपहृत एवं गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु अत्यंत गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निरंतर प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । जिले के कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र से लापता नाबालिग बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिवार से मिला दिया है ।



गौरतलब है कि कैंट थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय एक नाबालिग बालक के घर से लापता होने पर दिनांक 06 जनवरी 2026 को बालक के पिता द्वारा कैंट थाने पर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिस पर से पुलिस ने अपराध क्रमांक 18/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण प्रजीबद्ध कर बालक की तलाश प्रारंभ की गई । पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा जिले में नाबालिगों से संबंधित मामलों में शीघ्र, संवेदनशील एवं मानवीय दृष्टिकोन से कार्यवाही किए जाने के निर्देशों के परिपालन में कैंट थाना पुलिस द्वारा अपहृत बालक की सरगर्मी से तलाश की गई और इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया साथ ही विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद ली गई, जिससे संकलित सूचनाओं के आधार पर सभी संभावित जगहों पर बालक को खोजने के सघन प्रयास किए गए । इस क्रम में 22 जनवरी को बालक के संबंध में पुख्ता सूचना मिलने पर कैंट थाना पुलिस द्वारा तत्पर एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए बालक को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया एवं विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से समिति की अध्यक्षा श्रीमति डॉ. नीरू शर्मा एवं सदस्यों के द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूरी कर बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है ।

---

### कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

## जिले में मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने पर जोर, दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान सीएमएचओ द्वारा पीपीटी के माध्यम से विभागीय प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने जिले में MMR एवं IMR में प्रभावी सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने, गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से अनमोल पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करने तथा एनीमिया एवं लो बीपी जैसी समस्याओं पर नियंत्रण के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। साथ ही टीबी की स्क्रीनिंग बढ़ाकर टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि लक्ष्य निर्धारण एवं बेहतर मॉनिटरिंग के कारण आयुष्मान कार्ड निर्माण में जिले में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने सिकल सेल रोगियों की संख्या कम करने हेतु निरंतर प्रयास करने तथा गर्भवती महिलाओं में खून की कमी रोकने के लिए गुड़ एवं मूंगफली के सेवन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने भ्रूण हत्या से संबंधित मामलों पर निर्देश देते हुए कहा कि ऐसा कोई भी प्रकरण सामने आने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही जिले में लिंग अनुपात में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।बैठक में 'राहगीर योजना' पर चर्चा करते हुए कलेक्टर कन्याल ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने वाले व्यक्ति को राज्य सरकार द्वारा 25,000 का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाता है, जिससे आमजन बिना भय के घायलों की मदद के लिए आगे आएं।

बैठक में कलेक्टर श्री कन्याल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर गलत रिपोर्टिंग न की जाए। जानकारी भले ही थोड़ी देरी से मिले, लेकिन पूर्णतः सही होनी चाहिए। महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए गए कि अधिकारी एवं सीडीपीओ नियमित रूप से फील्ड विजिट करें, आभा आईडी कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाएं, संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें तथा सीएम हेल्पलाइन पर 100 दिन से अधिक कोई भी शिकायत लंबित न रहे।

## समाचार संक्षेप

### एमएसडब्ल्यू छात्रों ने सियाराम आश्रम परिसर में चलाया सफाई अभियान



**आरोन।** जन अभियान परिषद के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज एमएसडब्ल्यू (MSW) के छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आरोन नगर के प्रसिद्ध सियाराम आश्रम परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।अभियान के दौरान एकत्रित कचरे को जलाने के बजाय पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से एक गहरे गड्ढे में डाला गया, जिससे वह अपघटित होकर प्राकृतिक खाद के रूप में परिवर्तित हो सके। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना भूमि को अधिक उपजाऊ बनाना रहा।इस अवसर पर जन अभियान परिषद आरोन ब्लॉक के कोऑर्डिनेटर आदरणीय श्री प्रमोद जी रघुवंशी, परिषद के परामर्शदाता आदरणीय श्री राघवेंद्र शर्मा जी, बीएसडब्ल्यू (BSW) एवं एमएसडब्ल्यू (MSW) के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। साथ ही आसपास के नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए इस सामूहिक स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर ऐसे अभियानों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### वार्ड 15 में आंगनबाड़ी निर्माण का सीएमओ ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता व शीघ्र पूर्णता के दिए निर्देश

**आरोन।** नगर परिषद आरोन क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन का नगर परिषद के मुख्य नगर अधिकारी (सीएमओ) दिनेश कुमार सोनी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को कार्य को शीघ्र पूर्ण करने तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।इसके पश्चात सीएमओ श्री सोनी ने नगर के राजा बलभद्र सिंह स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने स्टेडियम परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधार एवं रखरखाव को लेकर निर्देश दिए।साथ ही मुडरा रोड स्थित सम्पवेल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम नागरिकों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया तथा सम्पवेल परिसर में नियमित सफाई बनाए रखने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए।सीएमओ ने कहा कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराना नगर परिषद की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।



### सारसहेला गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

# आस्था का उमड़ा जन सैलाब, जमकर उड़ी गुलाल, भजनों पर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघौगढ़ तहसील के सारसहेला गांव में श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूरे कस्बे में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु कलश यात्रा में जमकर उड़ाई गुलाल ,कथा का वाचन कथावाचक पंडित शिवम भार्गव वृंदावन धाम सार सहेला वाले हैं, कथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं ।

कार्यक्रम की शुरुआत कलश पूजन के साथ हुई। आचार्य भूपेंद्र एवं महेश भार्गव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों की पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इसके बाद कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली। कथा पांडाल पर कलश व ध्वज को विधिवत स्थापित किया।

विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा सुनने के लिए पांडाल श्रद्धालुओं से भरा रहा कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जाएगी श्रीमद् भागवत कथा 22 जनवरी से 28 जनवरी तक चलेगी। प्रत्येक दिन कथा के बाद महाआरती, प्रसाद वितरण किया जाएगा 28 जनवरी को पूर्णाहुति के अवसर पर हवन-यज्ञ भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



### रंगवाड़ी सरकार पर पौधरोपण का कार्यक्रम किया

**राघोगढ़।** 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरी वर्षगांठ के पुण्य उपलक्ष्य में श्री महादेव संगठन राघोगढ़ के तत्वधान में व पूज्य गुरुदेव के सानिध्य में रंगवाड़ी सरकार पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया । जिसमे संगठन के सभी सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी ,संगठन के पूर्व उपाध्यक्ष विकास जैन जी द्वारा सदस्यों को पंच परिवर्तन के मुख्य बिंदु। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगो में पर्यावरण के प्रति सजग जागरूक का संदेश दिया गया।



## आरोन के मुहांसा मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

समाज में व्याप्त सभी प्रकार की विषमता और भेदभाव वह घुन है, जो हिंदू समाज को भीतर से खोखला कर रहा है। यदि हम जाति-पाति, मत-पंथ में बँटे रहे तो विधर्मी शक्तियाँ हमारा निरंतर उत्पीड़न करती रहेंगी। हमें यह समझना होगा कि हमारे मत, पंथ, संप्रदाय, भाषा और जातियाँ भिन्न हो सकती हैं, किंतु हिंदू पहचान ही हम सबको जोड़ती है। हमारी संस्कृति, धर्म और पूर्वज समान हैं।इतिहास साक्षी है कि जब-जब समाज ने अपनी हिंदू पहचान को विस्मृत किया, तब-तब अकल्पनीय विपत्तियाँ आईं। इसलिए आज हिंदुओं को जागृत और संगठित करना ही युगधर्म है। ये ओजस्वी विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख एवं वैदिक विद्वान पं. तुलसीदास दुबे ने आरोन के मुहांसा मंडल में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। उनके विचारों से उपस्थित समाज में नवऊर्जा का संचार हुआ।मातृशक्ति की ओर से अंजली अहिरवार ने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, 'स्व' का बोध एवं नागरिक कर्तव्यों के पालन द्वारा राष्ट्रधर्म के निर्वहन का आह्वान किया। इस हिंदू समागम में हिंदुत्व के गौरव और सामाजिक एकता का अनुपम दृश्य देखने को मिला।भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए इस सम्मेलन में क्षेत्र के 15 ग्रामों के हजारों सनातनी भाई-बहनों ने सहभागिता की और धर्म-रक्षा, राष्ट्र-रक्षा, पंच परिवर्तन एवं सामाजिक समरसता का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मंगलारंभ प्रातः 11 बजे भक्तिमय भजन-कीर्तन से हुआ। इसके पश्चात तुलसी पूजन, गौ पूजन तथा सभी जातियों की कन्याओं का पूजन संपन्न हुआ।संपूर्ण वातावरण जय श्रीराम, भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। मंच पर राकेश पटेल जी एवं महंत रमेशपुरी जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। रजत रघुवंशी ने भूमिका रखी तथा सचिन सप्रे ने कार्यक्रम का वृत्त प्रस्तुत किया।




### "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 में विशेष शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन


कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में दिनांक 22 जनवरी 2026 को नगर परिषद आरोन द्वारा "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 06 में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी शदिनेश कुमार सोनी द्वारा सहभागिता कर शिविर की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया गया एवं आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। शिविर के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों एवं मांगों का मौके पर ही निराकरण करने के प्रयास किए गए।कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी,सी.ओ. शेख जिगर खान, शिवराम बैरागी नगर परिषद के कर्मचारी, वार्ड प्रभारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, हेल्थ वर्कर सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।



# श्रीमद्भागवत कथा का समापन, सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुआ पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर स्थित श्री राधा माधव सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीराम गार्डन में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पंडित रामदयाल शास्त्री जी महाराज ने अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया।कथा के दौरान महाराज श्री ने भगवान श्रीकृष्ण के 16,108 विवाह, उनकी गृहस्थ लीलाएं, तथा पृथ्वी को भारमुक्त करने हेतु पांडवों के माध्यम से धर्म स्थापना के लिए राजसूय यज्ञ सहित प्रसंगों का सुंदर विवेचन किया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र सुदामा जी का चरित्र बड़े विस्तार से सुनाया गया।सुदामा चरित्र में जब भगवान श्रीकृष्ण ने



सुदामा जी को हृदय से लगाकर उनके चरण पखारे, तब उस दृश्य का वर्णन सुनकर पूरा पंडाल भाव-विभोर हो गया। महाराज श्री के अनुसार प्रभु के नेत्रों से बहते आँसुओं ने श्रद्धालुओं को भी भक्ति रस में सराबोर कर दिया और दर्शनार्थियों का समूह भावनाओं से भर उठा।समापन अवसर पर महाराज श्री ने राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनाकर श्रोताओं को भक्ति एवं वैराग्य का संदेश दिया। वहीं श्री रामलला स्थापना दिवस की द्वितीय वर्षगांठ के शुभ अवसर पर भगवान श्रीराम की महिमा पर भजनों की प्रस्तुति हुई, जिसमें पूरा पंडाल भक्ति में झूम उठा और श्रद्धालु नाचने लगे।अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कथा का विधिवत समापन किया गया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकर्ताओं एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगें एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेगें।

**मोहरी के स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह का आयोजन**

जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर कोई स्थाई निर्णय स्थान को लेकर नहीं हो पा रहा है। अभी तक कई स्थान बदले जा चुके हैं, जब अशोकनगर जिला बना था तब सबसे पहले जिला स्तरीय 15 अगस्त 2003 का आयोजन स्थानीय पुरानी कृषि उपज गल्ला मंडी मे हुआ था, उसके बाद संजय स्टेडियम में आयोजन होना प्रांरभ हुआ,फिर अधिकारियों ने निर्णय लिया कि संजय स्टेडियम के स्थान पर यह आयोजन नेहरू महाविद्यालय के परिसर में किया जाए, उसके बाद से आयोजन महाविद्यालय परिसर में होना प्रारंभ हो गए। फिर अधिकारियों ने निर्णय लिया कि पुलिस परेड ग्राउंड पडरिया में इसका आयोजन किया जाए जिसके बाद से यह राष्ट्रीय आयोजन उक्त परेड ग्राउंड पर होने लगे। लेकिन यहां आने वाली समस्याओं को लेकर पुलिस विभाग तैयार नहीं था जिसके बाद अधिकारी दो भागों में बंट गए कुछ का कहना था कि संजय स्टेडियम में आयोजन हो और कुछ का कहना था कि नई गल्ला मंडी के पास मोहरी के स्टेडियम में इसका आयोजन किया जाए। शहर के बीच यह आयोजन न किया जाकर शहर के बाहर मोहरी के स्टेडियम में यह आयोजन होगा। जब जब भी इस तरह के आयोजन किए जाते हैं तब गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर शहर के लोगों के साथ समिति गठित की जाए ताकि कोई स्थान का निर्णय आम सहमति से हो सके।

राज्य शासन ने 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों पर 25 एवं 26 जनवरी 2026 को रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था करने के दिशा-निर्देश दिये।

### भक्ति के रंग में रंगा शहर, युगल सरकार मंदिर प्रांगण में आज से बहेगी भागवत ज्ञान की गंगा

**अशोकनगर।** धर्म और आस्था की नगरी अशोकनगर में आध्यात्मिक उत्साह का माहौल है। शहर के हृदय स्थल युगल सरकार मंदिर प्रांगण में आज से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलमय शुभारंभ होने जा रहा है। इस ज्ञान यज्ञ के माध्यम से सुप्रसिद्ध कथा व्यास यशवंत मिश्रा अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भक्ति रस का रसपान कराएंगे। कथा के मंगल शुभारंभ के उपलक्ष्य में गुरूवार को शहर में एक ऐतिहासिक और भव्य कलश यात्रा निकाली गई।



### मात्र तीन दिन में नाबालिक अपहृता इंदौर से दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति0 पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में मात्र तीन दिन मे नाबालिक अपहता को इंदौर से दस्तयाव कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 18 जनवरी को फरियादी द्वारा नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर ले जाने संबंधी रिपोर्ट की गयी थी जिस पर से थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 41/2026 धारा 137 (2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौराने विवेचना अपहता एवं अज्ञात व्यक्ति की पतारसी के दौरान तकनीकी संसाधनों के आधार पर सूचना मिली कि अपहता इंदौर में रह रही है, उक्त सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश प्राप्त कर एक टीम बनाकर जिला इंदौर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहता को देव गुराडिया नेमावर रोड इंदौर से दस्तयाब किया गया एवं आरोपी अनुराग पुत्र रामपाल राजपूत उम्र 21 साल निवासी हिनोतिया हाल निवासी शंकरपुर मगरदा थाना कोतवाली अशोकनगर को गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अंतर्गत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड ईसागढ़ की नवांकुर संस्था रघुकुल सेवा समिति द्वारा गुरूवार को "ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश" अंतर्गत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल, नईसराय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक सुशील बरूआ, मंडल अध्यक्ष दिनेश रघुवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष अनूप सिंह रघुवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चंद्रसेना भिड़े, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद अशोकनगर बद्रीप्रसाद चैहान, विकासखंड समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक, परियोजना अधिकारी रजनी बालू एवं विद्यालय के प्राचार्य ओ.पी. शिवहरे की उपस्थिति ने बढ़ाई। कार्यक्रम में विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र और ग्राम के विकास की आधारशिला है। उन्होंने युवाओं से समाज, पर्यावरण एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान को जनभागीदारी का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, युवा, स्वयंसेवी, ग्रामवासी एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और ग्राम विकास, युवा सशक्तिकरण एवं सामाजिक सहभागिता का सशक्त संदेश देकर समाप्त हुआ।




## ईसागढ़ में शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित



**अशोकनगर।** एशियाई विकास बैंक द्वारा वित्त पोषित एमपी यूएसआईपी की उप परियोजना अंतर्गत नगर परिषद ईसागढ़, जिला अशोकनगर की जलावर्धन योजना के तहत गठित "शिकायत निवारण समिति" की बैठक नगर परिषद कार्यालय ईसागढ़ में आयोजित की गई। बैठक में नवीन जलापूर्ति योजना अंतर्गत की जा रही वार्डवार जलप्रदाय व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। समिति सदस्यों द्वारा संविदाकार प्रतिनिधि को जलप्रदाय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही समिति द्वारा नियमित अंतराल पर जल गुणवत्ता परीक्षण, पानी की टंकियों की समय-समय पर सफाई एवं सफाई की तिथि अंकित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जलप्रदाय से संबंधित आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूरन सिंह कुशवाह, सब इंजीनियर तोषण राय, हर्षित गुप्ता सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### जगह-जगह आरती के साथ श्रीफल भेंट किए गए

# पिपरई में जैन विमानोत्सव भक्ति भाव से निकाले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरई

नगर में दिगम्बर जैन समाज द्वारा परंपरागत धार्मिक आस्था के प्रतीक विमान जी भव्य रूप से निकाले। इस अवसर पर दिगम्बर जैन समाज में उत्साह का वातावरण रहा। समाज के लोगों द्वारा पिपरई नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया।

विमान जी का शुभारंभ प्रातः जैन मंदिर से विधि-विधान एवं मंगल पाठ के साथ किया। इसके पश्चात विमान जी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भ्रमण किया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए धर्म लाभ अर्जित किया। विमान जी यात्रा के स्वागत मे नगर परिषद के दुबारा स्वागत किया। मार्ग में जगह-जगह रंगोली सजाई गई तथा श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह पुष्पवर्षा की। यात्रा में जैन समाज के महिला मंडल, पुरुष, युवा एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल रहे। वातावरण 'जय जिनेंद्र' के उद्घोष से भक्तिमय नगर हुआ।



जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि विमान जी निकालने की परंपरा समाज में धर्म, अहिंसा, सत्य और संयम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। इस आयोजन से समाज में एकता एवं भाईचारे की भावना को बल मिलता है। विमान जी यात्रा के समापन के पश्चात जैन मंदिर परिसर में धर्मसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें साधु-संतों के प्रवचन होंगे। इसके बाद भोजन प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया। विमान महोत्सव को संबोधित करते हुए परम पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने कहा कि जीवन के प्रवाह में धर्म से जुड़ना आसान नहीं, इसके लिए सतत पुरुषार्थ आवश्यक है। यदि शुद्ध बन सकते हो तो शुद्ध बनो, क्योंकि शरीर का प्रसाद ही जैसे कपड़े की मैल साबुन से दूर होती है, वैसे ही शरीर और आत्मा के मेल को समाप्त कर आत्मशुद्धि की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मा परमानंद का अनुभव तब करती है, जब हम अहंकार का त्याग कर इंद्रियों को संयम में लाते हैं।

मुनि श्री ने साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक दिन में कोई भी महान नहीं बनता। लंबी साधना, निरंतर प्रयास और अनुशासन से ही जीवन में प्रसन्नता आती है। उन्होंने बुद्धि के पांच प्रकारकृकल्याण बुद्धि, कर्तव्य बुद्धि, कुंठित बुद्धि, कुपित बुद्धि एवं अन्य प्रकारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके जीवन में प्रभाव को समझाया। इस अवसर पर पिपरई जैन मंदिर में विराजित होने वाली प्रतिमा हेतु समाजजनों द्वारा उत्साहपूर्वक बोलियां लगाई गईं, जिनकी राशि लाखों रुपये तक पहुंची। आयोजन की सफलता में समाज के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज, जांच शुरू

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नयाखेडा निवासी सिरसकुंवर लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेश और भोगीराम लोधी ने भूमि पर अवैध कब्जा कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरौदा निवासी नरेश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भोगीराम आदिवासी ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया देवत निवासी आशु ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल परिहार और भेरों परिहार ने पैसों के लेनदेन को लेकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना का प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत मूडरा बहादुरा निवासी निकिता आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विमल आदिवासी ने दहेज की मांग को लेकर उससे 50 हजार रूपए और बाईक की मांग की तथा शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। पुलिस ने फरियादी महिला की रिपोर्ट पर से आरोपी पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर ने बाईक में मारी टक्कर, एक घायल

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत अचलगढ निवास पुष्पेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेहराई अचलगढ रोड पर अज्ञात ट्रेक्टर के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### अज्ञात बदमाश बाइक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत सुभाषगंज निवासी पंकज जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर स्टेशन रोड पर एचडीएफसी बैंक के बाहर से उसकी बाईक चोरी कर ले गए। बाईक का नंबर एमपी 67 एमएच 7305 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### स्कूल में पौधरोपण का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** स्थानीय शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए और स्कूल की सुंदरता बनाए रखने के लिए गमलों में पौध रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन गमलों में विभिन्न प्रजापतियों के पौधे रोपे गए। विद्यालय परिसर में छात्रों और शिक्षकों द्वारा मिलकर प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में पौधा रोपण किया जिसमें शिक्षकों द्वारा एक पेड़ अपने मां के नाम तथा छात्राओं द्वारा गमले में एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया और इस पेड़ को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया गया। यह गमले विद्यालय के सभी कक्षों के बाहर रखे जाएगें, इस दौरान सभी छात्र छात्राओं से प्राचार्य महेन्द्र सिह रघुवंशी ने कहा कि वह समय समय पर पौध रोपण करते रहें, पौध रोपण ही हमारे जीवन के आधार हैं। इसलिए पेड़ों को सुरक्षित भी रखें और संरक्षित भी करें।

नए कलेक्टर का पूरे दिन होता रहा इंतजार

# श्री आनंदपुर ट्रस्ट चर्चाओं में लगातार जारी, इसी बीच कलेक्टर की बदली





### भोपाल में हुई बैठक के बाद बदली के आदेश जारी हुए

इस आरोप के बाद मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव अनुराग जैन द्वारा भोपाल में अधिकारियों की बैठक ली गई और इस बैठक में कहा गया कि कई कलेक्टरों की शिकायत आ रही हैं इस बैठक के अगले दिन दोपहर में कलेक्टर आदित्य सिंह के राज्यपाल द्वारा सम्मान भोपाल में किए जाने की जानकारी सामने आई कि संविधान दिवस पर उनके साथ दो अन्य जिलों के कलेक्टरों का भी सम्मानित किया जाएगा। लेकिन देर शाम उनके स्थानांतरण का आदेश भी आ गया जिसमें उन्होंने भोपाल गैस राहत पुनर्वास केंद्र में भेजा गया है और उनके स्थान पर भोपाल से साकेत मालवीय नए कलेक्टर के रूप में अशोकनगर आ रहे हैं। दरअसल एस.आई.आर का काम 7 फरवरी तक चलना है और 7 फरवरी तक इस कार्य के चलते स्थानांतरण के अधिकार शासन को नहीं होते। इस कारण 3 कलेक्टर के दावेदारों के नाम की पैनल निर्वाचन आयोग को भेजी गए थी उसके बाद साकेत मालवीय के नाम का आदेश जारी हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर स्थित श्री आनंदपुर ट्रस्ट इन दोनों चर्चाओं में बना है। इन चर्चाओं के बाद आरोप प्रत्यारोप के दौर चलते रहे। इसके बाद अशोकनगर के कलेक्टर रहे आदित्य सिंह पर भी आरोप लगे और बीती रात उनकी बदली हो गई है उनके स्थान पर नए कलेक्टर साकेत मालवीय भोपाल से अशोकनगर भेजे गए हैं। गुरुवार को पूरे दिन नए कलेक्टर का इंतजार होता रहा। शुक्रवार को उनके पद भार ग्रहण करने की संभावना है।

श्री आनंदपुर ट्रस्ट वैसे तो एक धार्मिक और पवित्र स्थान है इस स्थान की अपने आप में महिमा है। यह स्थान अद्धेत मत को लेकर पूरे देश दुनिया में जाना जाता है। यहां पूरे देश भर से श्रद्धालु तीन विशेष मौके पर यहां पहुंचते हैं जिनमें बैसाखी, व्यास पूजा और दीपावली का त्यौहार है। इस ट्रस्ट के माध्यम से पूरे देश में लगभग 2000 स्थान पर आश्रम चलते हैं।

### श्री आनंदपुर ट्रस्ट में पहली बार प्रधानमंत्री पहुंचे थे

श्री आनंदपुर ट्रस्ट सबसे बड़ा मुख्यालय है और यहां के बाद पुणे में प्रयाग धाम स्थल है यह दूसरे स्थान का है। हमेशा से श्री आनंदपुर ट्रस्ट प्रचार प्रसार से दूर रहा है कभी यहां जन प्रतिनिधियों का आना भी नहीं होता था। लेकिन पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब श्री आनंदपुर आए तब इस स्थान की चर्चा राजनीतिक रूप से सामने आई थी। इसके पहले कभी कोई मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री का कोई कार्यक्रम यहां होते नहीं देखा गया है। यह कार्यक्रम भी श्री आनंदपुर में राजनीतिक स्तर पर तैयार न होकर श्री आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा धार्मिक स्थल होने के आधार पर अपने स्तर पर प्रधानमंत्री को श्री आनंदपुर आमंत्रित कर लाया गया था।

### ट्रस्ट में पिछले एक वर्ष से उतार चढ़ाव की घटनाएं बढ़ी

उसके बाद से श्री आनंदपुर की पहचान देश दुनिया में बड़ी। लेकिन पिछले 1 साल से यहां सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था आरोप प्रत्यारोप के दौर चल रहे थे आए दिन ज्ञापन दिया जाना यहां चलता रहता था इसके बाद कुछ महात्माओं पर आरोप लगे यह आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए थे। इसके बाद श्री आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा दो महात्माओं के विरुद्ध निष्कासन की कार्रवाई भी की गई उसके बाद श्री आनंदपुर ट्रस्ट से जिन लोगों को निकाला गया था वह इसे स्वीकार नहीं कर पा रहे थे ऐसा समझा जाता है।

### पीएमओ कार्यालय में हुई शिकायत के बाद कलेक्टर पर आरोप लगे

इस विवाद को लेकर एक बड़ी शिकायत दिल्ली मुख्यालय पीएमओ कार्यालय में की गई यह भी बात सामने आई है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम बना था तब आनंदपुर ट्रस्ट की पहुंच पीएम कार्यालय तक हो गई थी।

### अभी तक आनंदपुर ट्रस्ट से कोई स्पष्टीकरण नहीं

उससे उन्हें शिकायत करने का रास्ता आसान हो गया था, लेकिन शिकायत किसके द्वारा की गई यह अभी तक पता नहीं चला है। उसमें भी आनंदपुर का नाम आ रहा है कि आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा यह शिकायत की गई है। हालांकि आनंदपुर ट्रस्ट की ओर से अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है। इस शिकायत में कहा गया है कि नामांतरण के मामले में कलेक्टर रहे आदित्य सिंह पर 3 करोड रुपए मांगने का आरोप है।

### जिले में पहली बार किसी कलेक्टर का ऐसा रूतवा देखा गया

इस पूरे मामले में कई तरह की क्रिया प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है अशोकनगर जिला 2003 में अस्तित्व में आया और जब से अशोकनगर में जितने भी कलेक्टर आए और गए उनमें कलेक्टर आदित्य सिंह ऐसे कलेक्टर के रूप में उभरे जिनके नाम का डंका खूब बजा और दहशत भी रही। शासकीय कर्मचारी भी जागरूक रहे उन्होंने अपनी कार्य प्रणाली के दौरान जमीन माफियाओं पर भी लगाम लगाने की कोशिश की। जिससे आम आदमी को कलेक्टर की कार्य प्रणाली पसंद आई। लोगों का कहना था कि उन्होंने कलेक्टर तो बहुत देखे हैं लेकिन ऐसी कार्य प्रणाली पहली बार देखने को मिली।

### आनंदपुर ट्रस्ट के कारण दो कलेक्टर बदले गए

अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह की बदली आनंदपुर ट्रस्ट को लेकर हुई है उसके बाद से आनंदपुर ट्रस्ट अब और चर्चाओं में आ गया है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए थे उसके तत्काल बाद यहां के कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी का स्थानांतरण अशोकनगर से भोपाल हो गया था। बताया जा रहा है कि उस समय उनके आने के दौरान कहीं कोई चूक हुई थी जिसके कारण उन्हें यहां से हटाया गया था। अब यह दूसरे कलेक्टर आदित्य सिंह है उनकी भी बदली आनंदपुर ट्रस्ट के कारण हुई है। आनंदपुर ट्रस्ट को लेकर अब तरह-तरह की चर्चाएं चर्चाएं हैं अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार भी पत्रकारों से बातचीत के दौरान भोपाल में कई प्रकार के आरोप लगा चुके हैं।

### शिकायत पीएमओ कार्यालय में हुई तो जांच भी हो

लेकिन इस बात की जांच भी होना जरूरी है कि आनंदपुर ट्रस्ट के द्वारा शिकायत हुई है तो उसकी जांच भी होना चाहिए कि शिकायत किसके द्वारा की गई है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि आनंदपुर ट्रस्ट में निष्कासित किए गए लोगों का ही कोई षड्यंत्र हो या फिर उनसे जुड़े लोग हों या फिर शिकायत हुई है तो क्या ट्रस्ट की अनुमति से की गई है यह तमाम तरह के सवाल आमजन के मन में और हवा में तैर रहे हैं।

# करीला मंदिर में नृत्यांगनाओं से मारपीट, तीन पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध करीला स्थित मां जानकी मंदिर में बुधवार सुबह कुछ नृत्यांगनाओं के साथ एक स्थानीय व्यक्ति ने अपनी बेटियों के साथ मिलकर मारपीट कर दी। जिसके बाद करीब एक दर्जन नृत्यांगनाएं एकजुट होकर बहादुरपुर पुलिस थाने पहुंची और आरोपियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तीन आरोपियों पर मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

बताया गया है कि विदिशा जिले के ग्राम बमौरी शाला की निवासी कुछ नृत्यांगनाएं क़रीला मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की मांग पर बधाई नृत्य कर अपनी आजीविका का पालन करती हैं। बुधवार को यह सभी नृत्यांगनाएं बहादुरपुर पुलिस थाने पहुंचीं। जहां पर उन्होंने पुलिस को बताया कि मंदिर परिसर में ही नारियल अगरबत्ती बेचने वाले गोपाल सोनी निवासी ग्राम बमौरी शाला और उसकी दो बेटियों जान्हवी और मानवी ने बुधवार को उनके साथ मारपीट की। इस मारपीट से एक नृत्यांगना के कमर पर चोट आई तो एक नृत्यांगना के गले में नाखूनों से खरोंच लिया गया। अन्य ने भी अपने साथ मारपीट की घटना की बात कही। इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी गोपाल सोनी और उसकी दोनों बेटियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। शिकायत करने के लिए मुस्कान, राजकुमारी, गुड्डी, अंजली, रक्षा, शशि, रोशनी, रंजना, शिवानी, काजल आदि नृत्यांगनाएं पहुंची थीं।



### क़रीला में स्थाई पुलिस चौकी की मांग

जसैया ग्राम पंचायत की सरपंच सुनीता यादव ने इस घटना पर चिंता जाहिर करते हुए करीला धाम में स्थाई पुलिस चैकी खोलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि करीला धाम बुंदेलखंड के लोकनृत्य राई का संरक्षण स्थल है। यहां इस नृत्य को बधाई स्वरूप करने वाली नृत्यांगनाओं के साथ अक्सर अश्लील हरकतें, मारपीट और अभद्रता की घटनाएं सामने आती हैं। कुछ दिनों पहले मंदिर परिसर में अश्लील गीतों पर नृत्य के वीडियो भी वायरल हुए थे। वहीं भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव कहते हैं कि करीला धाम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह मंदिर दो ओर से विदिशा जिले की सीमा से घिरा है। जंगली क्षेत्र हैं, दूर दूर तक सुनसान है। यहां पुलिस चैकी की अत्यंत आवश्यकता है।

### आनंद उत्सव के अंतर्गत स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया

**अशोकनगर।** नगर में 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को गांधी पार्क में स्वच्छता को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए नगरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों एवं दुकानों की नियमित सफाई करें तथा कचरा हमेशा कचरा गाड़ी में ही डालें। साथ ही कचरा इधर-उधर न फेंकने और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में सहयोग करने का आह्वान किया गया।




# भारतीय किसान संघ नईसंराय ने किया भारत माता का पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारतीय किसान संघ तहसील नईसंराय ने डुंगासरा के महाकाल धाम मंदिर पर बैठक कर भारत माता पूजन किया । सबसे पहले भारत माता की आरती तहसील के सभी कार्यकर्तायों एवं ग्रामों से आये किसान भाईयों द्वारा की गई। भारतीय किसान संघ जिला अशोकनगर के कोषाध्यक्ष एवं नईसंराय तहसील प्रभारी वीरेंद्र सिंह रघुवंशी धुर्रा ने किसान भाईयों को भारत माता पूजन के महत्व के बारे संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान संघ वर्ष में चार त्यौहारों का आयोजन करता है जिसमें बलराम जंयती,गोपाष्टमी ,स्थापना दिवस एवं भारत माता पूजन।

इनमें भारत माता पूजन पर्व का किसान भाईयों के जीवन में विशेष महत्व है क्योंकि भारत माता जिसे हम धरती मां कहते हैं हम सब किसान भाईयों को अन्न फल सब्जी का उत्पादन देती है जिससे विश्व के सारे चराचर जीव जंतुओं का पालन पोषण करती है धरती मां से हमको जल सोना चांदी लोहा तांबा पीतल जैसी धातु भी प्राप्त होती है आज के समय में किसान भाईयों द्वारा खेती में अधिक मात्रा में उर्वरक दवाईयों का उपयोग हो रहा है जिससे धरती की उत्पादन क्षमता कम हो रही है धरती मां को स्वस्थ रखने के लिए हम सबको आज सीमित मात्रा में उर्वरक एवं कीटनाशक दवायों का उपयोग करने के साथ गऊ आधारित जैविक खेती को अपनाने की जरूरत है जिससे हम धरती मां को बंजर होने से बचा सकते हैं सभांग के मंत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी ने किसान भाईयों से तहसील के सम्पूर्ण ग्रामों में भारत माता पूजन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला सदस्य वीरेंद्र सिंह, सुरेश रघुवंशी तहसील अध्यक्ष कल्याण सिंह यादव मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी मीडिया प्रभारी गोविन्द लोधी सहित तहसील की ग्राम समितियों के किसान भाई उपस्थित रहे। भारतीय किसान संघ ने किसान भाईयों के हित में अच्छा कार्य करने के लिए तहसील के तहसीलदार मयंक तिवारी एवं नायब तहसीलदार का सम्मान भी किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी लोगों ने सहभोज भोजन प्रसादी ग्रहण की।




# ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम में प्रभात फेरी निकालकर योग शिविर लगाया, दी आदर्श ग्राम बनाने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थायुगल सरकार श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर द्वारा चयनित आदर्श ग्राम महू आलमपुर में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश (ग्राम विकास पखवाड़ा) अंतर्गत रात्री चैपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के बुजुर्गों संग ग्राम के विकास हेतु चर्चाएं की गई।

ग्राम में पूर्व से नित्य निकलने वाली प्रभातफेरी में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को शामिल होने हेतु घर घर जाकर आमंत्रित किया गया। प्रातः ग्राम के हनुमान मंदिर से लगभग 70 की संख्या में बच्चे, युवा तथा बुजुर्गों ने संगीतमय विशाल प्रभातफेरी निकाली जो ग्राम के सभी देवस्थलों की परिक्रमा करते हुए वापिस हनुमान मंदिर आई। प्रभातफेरी के पूर्व ग्राम की माताओं बहिनों ने अपने घरों के आगे रंगोली सजाकर दीपक प्रज्ज्वलित किए तथा प्रभातीजनों का तिलक लगाकर व फूल वषा कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया गया। इसके बाद योग कक्षा योगाचार्य रामबली यादव के मार्गदर्शन में लगाई गई जिसमें आसन प्राणायाम के साथ सूर्यनमस्कार का अभ्यास कराया गया तथा बच्चों को चक्रासन सिखाया।

### कार्यक्रम के पूर्व गीता के भक्तियोग का स्वाध्याय किया गया

कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश के उद्देश्यों को बताया। समिति सदस्य बलवीर सिंह यादव ने स्वदेशी के संबंध में उद्बोधन दिया, राजेंद्र सिंह ने जीवन मूल्यों को अपनाने तथा रमन सिंह यादव ने गौ सेवा से आर्थिक उन्नति की बात रखी। पंचायत सचिव ओमप्रकाश गुप्ता ने शासकीय योजनाओं की जानकारी दी, इसके बाद ग्राम के प्रतिभावान ग्रामीणों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया जिनमें वरिष्ठ नागरिक, हाई स्कूल म उच्च अक प्राप्त करन वाल छात्र छात्राएं, प्रभातफेरी में नियमित शामिल होने वाले तथा स्वच्छता एवं नशा मुक्ति के लिए समर्पित ग्रामीण शामिल रहे। इसी अवसर पर ग्राम के लोक गीत गायक जिन्होंने दादरिया सुनाई।

कुल 51 लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लाखनसिंह यादव सहोदरी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बृजेश श्रीवास्तव, मेंटर बलवीरसिंह यादव, सरपंच प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष बृजमोहन यादव, अरविन्द प्रजापति, अमानसिंह, फतेहपुर समिति से अध्यक्ष राजकुमार कुशवाह, रैपरी समिति से ब्रजेंद्रसिंह, आमखेड़ा सूखा से दिमानसिंह कुशवाह, सीएम इंटर्न रामकुमार यादव सहित सभी महू आलमपुर के ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में 1 आंवला के पौधे का रोपण हनुमान मंदिर में किया गया तथा 11 पौधे ग्रामवासियों को सुरक्षित जगह लगाने भेंट किए।

### जलालपुर तूमैन में बिजली समस्या को लेकर विधायक इंजी हरिबाबू राय ग्रामवासियों के साथ धरने पर बैठे

**अशोकनगर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जलालपुर तूमैन में नवीन डीपी की गंभीर समस्या को लेकर आज विधायक इंजी हरिबाबू राय ग्रामवासियों के साथ स्कूल के पास डीपी के स्ट्रक्चर के नीचे धरने पर बैठ गए। ग्रामवासियों का कहना था कि डीपी की खराब स्थिति के कारण गांव में बार-बार बिजली बाधित हो रही है, जिससे पेयजल, बच्चों की पढ़ाई एवं दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने मौके पर ही धरना देकर बिजली विभाग का ध्यान आकर्षित किया। धरने की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के जे.ई. महेश बारमटे मौके पर पहुंचे और विधायक एवं उपस्थित ग्रामवासियों से चर्चा की। जे.ई. द्वारा 1 सं 2 दिनों के भीतर नवीन डीपी स्थापित किए जाने का आश्वासन दिया गया। विभागीय आश्वासन के पश्चात विधायक की पहल और प्रशासनिक तत्परता से धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्ण रूप से समाप्त हुआ। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक हमेशा जनसमस्याओं के समाधान के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करते हैं।

# रतवास चक्क में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया



**पिपरई।** सकल हिंदु समाज के तत्वावधान में गुरुवार को मंडल मुड़रा बहादुरा के अंतर्गत ग्राम रतवास चक्क में हिंदु सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मंडल केंद्र से जुड़े आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में मातृशक्ति, बहनें, युवा एवं नागरिकों ने सहभागिता की। गांव में भगवा ध्वजों से सजे मार्गों और जयघोष के बीच सम्मेलन स्थल पर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर मंच पर पं. दिपेश कृष्ण महाराज मध्यकौशल प्रांत धर्माचार्य बीना (कथावाचक) विशेष रूप से उपस्थित रहे। संत समाज से वक्ता पं. दिपेशकृष्ण महाराज ने अपने प्रेरक उद्बोधन में भगवान श्री राम जी जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालकर सभी से अनुरोध किया भगवान श्री राम जी के कर्तव्य मार्ग पर चलने का प्रयास करें। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अशोक नगर जिले के सह जिला कार्यवाह लखन शिवहरे ने भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश मैं घटित घटनाओं पर विस्तार से बताया। इसमें बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों में विशेष उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम स्थल पर अनुशासन और व्यवस्था बनी रही।

जैन समाजजनों ने जन्म कल्याणक महोत्सव पर भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली

# कोई काम मत करना जिससे रास्ता गलत हो जाए: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राष्ट्र संत मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने गोलाकोट अतिशय क्षेत्र में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सारा संसार दो तरह के लोग से बना है जहां अच्छे और बुरे दोनों तरह के लोग रहते हैं। कभी धूप कभी छांव अंधेरे के बिना जीवन में उजाला कहा से आयेगा। अंधेरे के छंटते ही जीवन में मंगल ही मंगल होगा। जिंदगी में कहीं दुःख तो नहीं आ गया कोई दुखी हो जाये संकट आ जायें कोई तकलीफ़ हो जाये तो घबराना मत। यह सब कुछ ही समय में दूर हो जायेंगे।

उन्होंने कहा कि चिंता का विषय तब होगा जब तुम ऐसा कोई काम कर दें कि इससे रास्ता ही ग़लत बन जाये कुछ लोग ऐसे होते हैं जो गलत रास्ते पर चल देते हैं तो पीछे आने वाले भी गलती करते चले जाते हैं। विकास बाद का सूत्र दे रहा हूं कि तुम ने जो कार्य किया है उससे तुम्हारे माता-पिता खुश हैं तुम्हारी खुशी से मां बाप को खुश कर दिया तो मैं तुम्हें वरदान देता हूं यह खुशी टिकी रहेगी तुम्हारी खुशी परिवार मोहल्ला नगर सारा देश तीन लोक खुश हैं तो जाये आपके घर भगवान ने जन्म लिया है नारी जाति कभी मंगल नहीं होती मात्र एक पद हैं संचि इन्द्राणी होती है एक भव के बाद मोक्ष जायेगी।





### दीप प्रज्ज्वलित कर मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया गया

इसके पहले आचार्य भगवंत के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कुवेर परिवार व पूर्व कलेक्टर आर के जैन कमेटी के अध्यक्ष पूर्व डीजीपी शांत कुमार जैन सहित अन्य प्रमुख जनो ने किया वहीं परम पूज्य के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य सतेन्द्र जैन राजधानी वैशन दिल्ली संजीव जैन कानपुर पूर्व कलेक्टर आर के जैन गवालियर विजय धुर्रा मंत्री जैन समाज अशोकनगर आमोद कानपुर सहित अन्य प्रमुख जनो ने किया इस दौरान भगवान के जन्म होने पर वारह प्रकार की वांध्य यंत्रों का वादन किया गया। भक्तों की जय जय कार के बीच इन्द्र सभा में सौ धर्म इन्द्र का आगमन वालक कुमार को पाडूक शिला पर सौ धर्म इन्द्र सचि इन्द्राणी गर्भ ग्रह से आगमन दृश्य प्रस्तुत किया गया।

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव में आज तीर्थंकर बालक के जन्मोत्सव पर अयोध्या नगरी से पांडूक शिला की ओर एक शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सौधर्म इन्द्र ऐरावत हाथी पर सवार होकर तीन लोक के नाथ बालक प्रभु को लेकर निकले जिसमें आगे आगे बैन्ड वाज़े उनके पीछे महिला मंडल उनके पीछे खनियांधाना की प्रसिद्ध मिलट्री पार्टी जिसमें सबसे आगे अरिहंत रैजीमैंट उसके पीछे सिद्ध गुप उनके पीछे आचार्य रैजीमैंट उसके बाद पूरा दल चल रहा था। महिला मंडल विभिन्न प्रतीको के साथ चल रहे थे उसके बाद युवा मंडल उनके पीछे विभिन्न रथों पर सभी पात्र चल रहे थे उनके पीछे तीर्थंकर बालक भगवान को ऐरावत हाथी पर सौधर्म इन्द्र लेकर चल रहे थे उनके पीछे विशाल जन समूह जय जय कार करने हुए चल रहा था उनके पीछे कुबेर इन्द्र रत्न वर्षाते हुए चले।

## संघ शताब्दी वर्ष पर सारंगपुर में भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित

# हिंदू बनो तो विवेकानंद, मुसलमान बनो तो अब्दुल कलामः वर्षा नागर

### भगवा पताकाओं, झांकियों व कलश यात्रा के साथ निकला ऐतिहासिक चल समारोह






हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर तथा अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय तिथि के पावन पर्व पर सारंगपुर नगर में हिन्दू समाज द्वारा एक भव्य हिन्दू सम्मेलन एवं विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर धर्ममय वातावरण से ओत-प्रोत दिखाई दिया और "वंदे मातरम्", "भारत माता की जय" तथा "जय श्रीराम" के गगनभेदी नारों से पूरा नगर गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत पंडितवाड़ी स्थित श्रीराम मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन एवं महाआरती से हुई। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा एवं चल समारोह नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ।

#### झांकियों और भगवा पताकाओं से सजा नगर

चल समारोह में बैंड-बाजों की मधुर धुनों के साथ बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। यात्रा में भगवा ध्वजों से सुसज्जित वाहन भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी भारत माता की जीवंत झांकी घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई की वीरता दर्शाती झांकी गौशाला, शिलानाथ बाबा का धूना राष्ट्र एवं महापुरुषों की प्रेरणादायी झांकियां नगरवासियों का मन मोह रही थीं। चल समारोह गांधी चैक, सदर बाजार, अम्बे माता मंदिर, जमा मस्जिद क्षेत्र, रंगेरवाड़ी, बागकुआ, बदलीपुरा, पालीवाल कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, एबी रोड, अकोदिया नाका होते हुए कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचा। नगर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

#### यज्ञ, पूर्णाहुति व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कृषि उपज मंडी परिसर में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने आहुति प्रदान कर राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जहां छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एवं सनातन संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि से सराहा।

#### इस दौरान सुरेंद्र सोलंकी बोले- संगठित हिंदू समाज ही राष्ट्र की शक्ति

प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि "आज हिंदू समाज के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ खड़ी हैं। इतिहास साक्षी है कि जब समाज संगठित नहीं रहा, तब विदेशी आक्रांताओं और अत्याचारों का सामना करना पड़ा।" उन्होंने कहा कि आज भी जातिगत भेदभाव, सामाजिक विघटन,जनसंख्या असंतुलन सांस्कृतिक विस्मृति जैसे संकट राष्ट्र की एकता को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठित, संस्कारित और समरस हिंदू समाज ही राष्ट्र की रक्षा कर सकता है। जब हिंदू समाज एकजुट होगा, तभी भारत विश्व को शांति, सहिष्णुता और सद्भाव का मार्ग दिखा सकेगा।

#### *वर्षा नागर का प्रेरक संबोधन - संस्कार ही राष्ट्र की असली शक्ति*

*संघ शताब्दी वर्ष के स्थापना उत्सव अवसर पर मुख्य वक्ता वर्षा नागर ने मां भगवती, बिजासन माता, वैष्णो देवी एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरणों में वंदन करते हुए अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से निस्वार्थ भाव से राष्ट्र, समाज और संस्कृति की सेवा करता आ रहा है।"उन्होंने बताया कि संघ का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना समाज को जागरूक बनाना संस्कारों को पीढ़ी दर पीढ़ी पहुंचाना है। वर्षा नागर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल मोबाइल, सोशल मीडिया और मनोरंजन तक सीमित न रहें, बल्कि अपने इतिहास को जानें अपने वीरों को पहचानें अपनी संस्कृति पर गर्व करें उन्होंने महाराणा प्रताप, महाराणा कुंभा जैसे महापुरुषों के त्याग, शौर्य और बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। बेटियों को दिया दुर्गा स्वरूप बनने का संदेश दिया, तथा कहा कि भारत की बेटियां केवल परिवार नहीं, राष्ट्र की शक्ति हैं। उन्हें दुर्गा स्वरूप बनकर आत्मनिर्भर, साहसी और संस्कारवान बनना चाहिए।*

## एसआईआर के संबंध में इंका जिलाध्यक्ष ने लगाए आरोप

# कांग्रेस समर्थित वैध मतदाताओं के कटवाए जा रहे नामः प्रियवृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

निवार्चन आयोग द्वारा निवार्चन के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूचियों के प्रकाशन उपरान्त कल 22 जनवरी तक दावे-आपत्तियों प्राप्त करने के अंतिम दिवस जिला कांग्रेस द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में पार्टी जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने आरोप लगाए कि भाजपाईयों द्वारा एसआइआर कार्य के तहत कांग्रेस समर्थित वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटाने आवेदन दिए जा रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर 50 से 100 मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास भाजपा कर रही है। इस संबंध में जिले के कुछ वोर्टर्स से प्राप्त शिकायतों का उल्लेख इंका जिलाध्यक्ष द्वारा प्रेसवार्ता में किया गया। उन्होंने बताया कि ब्यावरा विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रहलाद दांगी एवं कन्हैयालाल दांगी के फर्जी दस्तखत कर आपत्तियां प्रस्तुत की गई हैं। इसी तरह सारंगपुर विस में भी इसी तरह की शिकायत मिली है। विभिन्न बूथों पर पदस्थ बीएलओ भी बल्क में(ज्यादा संख्या में) आपत्तियां प्राप्त कर रहे हैं जबकि बीएलओ एक बार में अधिकतम 10 आपत्तियां, फार्म स्वीकार कर सकते हैं। भाजपाईयों द्वारा नाम हटाने जो आपत्तियां प्रस्तुत की जा रही हैं वे सभी असत्य और फर्जी हस्ताक्षरों से प्रस्तुत की गई हैं।

#### यह रखी मांगें

कांग्रेस ने मांग रखी कि जिले में प्रस्तुत फर्जी आपत्तियां बिना किसी जांच के निरस्त की जाएं। असत्य शपथ-पत्र भरने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाए साथ ही मतदाताओं के सत्यापन की आवश्यकता होने पर सत्यापन के समय राजनैतिक दलों के बीएलओ को आवश्यक रूप से उपस्थित होने के लिए सूचना देना सुनिश्चित किया जाए।

# भूकंप, आगजनी जैसी आपदाओं से निपटने के सिखाए गुर

### मानव जीवन बचाने के बारे में जीवंत प्रदर्शन किया गया



राजगढ़। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल(एनडीईआरएफ) भोपाल के तत्वावधान में गुरुवार को स्थानीय शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वर्कशॉप आयोजित कर विद्यार्थियों को आपदाओं से निपटने के गुर सिखाए गए। इस दौरान एनडीईआरएफ की प्रशिक्षित टीम ने भूकंप, आगजनी, गैस रिसाव, मकान ढहने, सर्पदंश जैसी स्थितियों में कैसे अपना मानव जीवन बचाया जा सकता है, इस बारे में जीवंत प्रदर्शन किया गया। टीम द्वारा प्राथमिक उपचार, गले में फंसी वस्तुओं को बाहर निकालने, आपदाओं के पीड़तिों के बचाव, सावधानानियों सहित आपदा के समय क्या करें और क्या न रकें इस बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने अपने मन में उठी जिज्ञासाओं के संबंध में टीम से सवाल किए जिनका समाधान किया गया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य विपिन खरे ने कहा कि प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के समय सही जानकारी, अनुशासन, धैर्यता, नियमित प्रशिक्षण से ही जन-धन की हानि को कम किया जा सकता है। ऐसे अभ्यास विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान देने के साथ सेवाभाव भी विकसित करते हैं।

# स्वयं की किडनैपिंग व लूट की कहानी का पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

### 54 लाख रुपए का ट्रक व मसूर जब्त, चालक गिरफ्तार



**सारंगपुर।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सारंगपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए स्वयं की किडनैपिंग व लूट की झूठी कहानी रचने वाले ट्रक चालक को महज 48 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर करीब 54 लाख रुपये कीमत का मशरूका बरामद किया है। इस कार्रवाई में 37 लाख रुपये कीमत का ट्रक एवं 17 लाख रुपये मूल्य की 230 क्विंटल मसूर (380 कट्टे) जब्त की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे तथा एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना सारंगपुर पुलिस द्वारा की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार 15 जनवरी 2026 को फरियादी महेश पिता स्व. शिवनारायण राठौर, निवासी सारंगपुर ने थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि वह कृषि उपज मंडी सारंगपुर में थोक गल्ला व्यापारी है। 08 जनवरी 2026 को उसने अपने सहयोगी व्यापारी मोहन सिंह सोलंकी के साथ मिलकर 230 क्विंटल मसूर (380 कट्टे) ट्रक क्रमांक त्श्र-08-ळ।-6989 में खंडेलवाल ट्रांसपोर्ट कंपनी, नलखेड़ा के माध्यम से दिल्ली भेजी थी। नियत समय पर ट्रक दिल्ली नहीं पहुंचा। जब व्यापारी ने चालक से संपर्क किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। दो दिन बाद ट्रक चालक ने फोन कर बताया कि हरियाणा के नूंह जिले के के.एम.पी. हाईवे पर रात करीब 1 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे लड्डू में नशीला पदार्थ खिलाया, जिससे वह बेहोश हो गया। 36 घंटे बाद उसे राजस्थान के जयपुर के पास चंदवाजी हाईवे पर होश आया, जहां ट्रक और माल गायब था।ड्राइवर ने इस संबंध में थाना रोजका मेव, जिला नूंह (हरियाणा) में भी शिकायत दर्ज कराने की बात कही। लेकिन व्यापारी को चालक की कहानी पर संदेह हुआ, जिसके बाद वह थाना सारंगपुर पहुंचा और चालक पर ही अमानत में खयानत का आरोप लगाया।

# भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा



**माचलपुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम लसुड़यि के हिंदू समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा वा विभिन्न धार्मिक आयोजन किये । उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पूर्व आराध्य भगवान राम दशकों की प्रतिक्षा के बाद बिराजमान हुऐ थे तभी से इस दिन धार्मिक आयोजन की शुरुआत हुई जिसमे तभी से गांव में प्रभात फेरी निकाली जाती। गुरुवार को राम की भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर से बैंड बाजे डीजे की धुन पर शुरू हुई जिसमे बड़ी संख्या महिला पुरुष वा युवा ने हिस्सा लिया शोभायात्रा में रामदरबार की आकर्षक चालित झांकी साथ चल रही थी और युवा भजनों की धुन पर थिरकते चल रहे थे । झांकी में बिराजमान भगवान की गांव के विभिन्न मोहल्लों के घरों के सामने पूजा आरती की गई। गांव भ्रमण कर राम मंदिर,रामदेव मंदिर होकर हनुमान मंदिर पहुंची जहां महाआरती हुई और सामूहिक भंडारा हुआ। इस कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी ने धर्मशाला निर्माण के लिए दस लाख रूपये देने की घोषणा की इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर, हनुमान पाटीदार, मंडल अध्यक्ष अमिता मंडलोईसहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।


# कुदाली में शिव महापुराण कथा श्रद्धा के साथ जारी



**नरसिंहगढ़।** तहसील के ग्राम कुदाली में महिला मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित सप्तदिवसीय शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन भक्तिभाव के साथ निरंतर जारी है। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँच रहे है। यह धार्मिक आयोजन 19 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। प्रतिदिन प्रातः साढ़े आठ बजे से ग्यारह बजे तक शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है, जबकि दोपहर साढ़े बारह बजे से चार बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन संपन्न हो रहा है। आयोजन का समापन 26 जनवरी को पूर्णाहूति, विधिवत पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की विभाग बैठक संपन्न

**झाड़ल।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की विभाग बैठक झाड़ला जोड़ हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में डॉ प्रवीण जी तोगड़यिा के आगामी कार्यक्रम और राजगढ़ ब्यावरा विभाग के लिए प्रवास पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय महामंत्री संजीव जी पटेरिया और राजगढ़ विभाग महामंत्री दीपक पाठक ने भगवान राम और हिंदू धर्म पर चर्चा की। इस अवसर पर विभाग जिला अध्यक्ष भरत सिंह मीणा ने प्रांत महामंत्री संदीप पटेरिया के द्वारा कार्यकारिणी की गठित की गई, जिसमें राष्ट्रीय बजरंग दल युवा जिला अध्यक्ष सुनील पटेल, विभाग मंत्री सुरेंद्र सिंह शेखावत, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह परमार, गो रक्षा प्रमुख जगदीश विश्वकर्मा, दिलीप सिंह मीणा, विभाग मंत्री राजू दास बैरागी, गो रक्षा सदस्य विभाग मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश जोशी, दीवान सिंह मीणा, नगर अध्यक्ष डॉ रोहित शर्मा, हिंदू हेल्पलाइन जिला संयोजक सत्संग प्रमुख मोहन राठौर, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश चैरसिया को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सूरज यादव, बजरंग दल जिला अध्यक्ष भोपाल विकास चैरसिया, जिला अध्यक्ष भोपाल जिला राजगढ़ ब्यावरा अध्यक्ष भारत सिंह मीणा, विभाग महामंत्री नंदकिशोर चैधरी, उपाध्यक्ष संजय सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार मेवाडा, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, फूल सिंह मंडलोई, अमित परिहार, कैलाश प्रजापति, रूपराम लखन चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी का आभार विभाग महामंत्री नंदकिशोर चैधरी ने किया।



# धनक मुनि जयंती पर वंशकार धानुक समाज ने शोभायात्रा निकाली

### नगर में पहली बार निकाला चल समारोह सामाजिक एकता का दिया संदेश




**नरसिंहगढ़-** गुरु महाराज धनक मुनि जयंती अवसर पर गुरुवार को वंशकार (धानुक) समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नरसिंहगढ़ नगर में पहली बार आयोजित की गई, जिसे लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह और गौरव का माहौल रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः नरसिंह स्टेडियम से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मेला बाग स्थित सामुदायिक भवन पर समापन के साथ सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में समाजजनों एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष वी.पी. बंसल, वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडवोकेट मधुराज , पूर्व विधायकध्सांसद धनश्याम पिरोनिया, एसडीएम नथूलाल जी, सुशील कुमार, सुधीर कशवाय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण वंशकार सहित समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने महाराज धनक मुनि के जीवन, विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया।

आयोजन में ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल वंशकार, नगर अध्यक्ष संदीप वंशकार, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश वंशकार, डॉ. एम.एल. वंशकार, अशोक , महेश वंशकार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. एम.एल. वंशकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंदौर, भोपाल, सीहोर, विदिशा, गुना, अशोकनगर एवं राजगढ़ जिलों से वंशकार (धानुक) समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

#### बजरंग नवयुवक समिति ने नगर में चलित सुंदरकांड पारायण किया

**जीरापुर।** विगत 22जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम लला कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया था। जिसको लेकर पूरे देश में भगवान श्री राम कि प्राण प्रतिष्ठा को दीपावली कि तरह धार्मिक रूप से मनाया गया था।इसी तारतम्य में नगर कि प्रसिद्ध धार्मिक अनुशासित श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ द्वारा नगर में किशनगढ़ मोहल्ला (गाड़ी अड्डा) चोक से चलित सुंदरकांड पारायण का आयोजन तृतीय वर्ष में किया गया। श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ के समस्त सदस्य तथा श्रद्धालु भक्त किशनगढ़ चोक में एकत्रित हुए जहां पर हनुमान जी महाराज कि पुजा अर्चना एवं आव्हान करके संगीतमय चलित सुंदरकांड पारायण शुरू किया जो नगर के बुधवारिया बाजार , जवाहर चैक , इंदर चैराहा , माचलपुर रोड़ से जमाई कालोनी ,अटल चोक , बृजवासी मोहल्ला होते हुए अपने गंतव्य स्थान पहुंचा। मध्य रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं हनुमान जी कि पूजा आराधना लोगों द्वारा की गई वहीं सभी सदस्य लय ताल के साथ सुंदरकांड पारायण करते चल रहें थे। सामूहिक आरती प्रसाद वितरण किया।

### दानवीरों के साथ महिलाओं ने भी बढ़चढ़कर दिखाया हौसला

# मेडतवाल वैश्य समाज के तत्वावधान में 60 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा




मां फलोदी के आशीर्वाद से मेडतवाल वैश्य समाज ब्यावरा के तत्वाधान में नवयुवक संघ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर उक्त शिविर में कुल 60 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें 10 महिलाएं समेत 50 पुरुषों ने रक्तदान किया वर्तमान समय में जिला राजगढ़ के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए समाज के द्वारा यह लगातार नवा (9) रक्तदान शिविर है उक्त शिविर की शुरुआत सबसे पहले मां फलोदी की पूजा अर्चना के साथ की गई।

इस शिविर के साथ निशुल्क रक्त परीक्षण शुगर परीक्षण डॉक्टर रानू जी गुप्ता सानवी पैथोलॉजी ब्यावरा के द्वारा की गई साथ ही डॉ अनमोल जी गुप्ता द्वारा दंत परीक्षण भी निशुल्क किया गया उक्त कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ वरिष्ठ जनों के साथ डॉ रामकरण गुप्ता डॉक्टर रमेश गुप्ता डॉ राकेश गुप्ता डॉक्टर ब्रजमोहन गुप्ता, डॉ,धर्मेंद्र गुप्ता डॉ गौरव गुप्ता डॉ अर्पित गुप्ता डॉक्टर अनमोल एवं राजगढ़ की टीम से आए हुए अतिथियों का समाज जनों ने स्वागत किया वह नवयुवक मंडल व महिला मंडल द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों एवं डॉक्टरों की टीम का स्वागत किया गया राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार युवा भाजपा नेता पंडित अमित शर्मा मंडल अध्यक्ष राजू यादव दीपक सामरे सुमित सोलंकी भी शिविर में पधारे और उन्होंने भी मां फलोदी की पूजा अर्चना की समाज अध्यक्ष श्री गिरिराज जी सिंगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेठ साहब मोहन करोड़यिा के कैलाश टाटा पुरुषोत्तम कुराडिया खेड़ी रामेश्वर पगारा वाले राम बाबू किल्ला वाले ब्रजमोहन जी हरीश नटराज दिलीप क्वालिटी आशीष घाटी वाले एवम नवयुवक संघ से रणछोड़ करोडीया द्वारका गुप्ता विनोद गुप्ता सर बालकृष्ण करोडिया राजकुमार गुप्ता मलावर वाले पुरुषोत्तम तालोड़ी वाले नाथ भैंसाना गोपाल भीलवाडिया वाले अंकुर चेतन जुलानिया नितेश जनवयुवक संघ अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता अर्पित गुप्ता दीपेश भानेज गिरिराज गुप्ता मलावर वाले अनिल राहुल तनु आदित्य मोहन हलवाई सोनू गुप्ता भेसाना सभी नवयुवक संघ के सभी साथी उपस्थित थे' 23 तारीख के कार्यक्रमों की जानकारी मेडतवाल नवयुवक संघ के मीडिया प्रभारी सोनू गुप्ता द्वारा दी गई कि 23 जनवरी को सुबह वाहन रैली शासकीय अस्पताल में फल वितरण वैष्णो देवी गो चिकित्सालय पर गुड और घास की सेवा तत्पश्चात गोवर्धन चौक से विशाल शोभा यात्रा चल समारोह के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से निकल कर माधव जिन पर पहुंचेगी वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामूहिक रूप से महा आरती एवं महाप्रसादी होगी।